NATH GROUP

# नाथवार्ता

नौवा अंक: अक्टुबर 2012

नाथ बायो-जीन्स (इं) लि. की त्रैमासिक गृहपत्रिका

## Happy Dipawali



## संपादकीय चिट्ठी...

नाथ वार्ता का यह नौवां अंक आप सभी को सुपुर्द करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। आप सभी पाठकों से मिले भरपुर प्यार एवं सहयोग के चलते हमारी यह गृहपत्रिका दो साल पुरे करने जा रही है। बिते दो वर्षों में हमें हमारे कई पाठकों से जिसमे किसान भाई, हमारे वितरक-विक्रेता बंधु शामील है, कई अभिनंदनपर चिठ्ठीयां प्राप्त हुई, जिसके लिये हम उन्हे धन्यवाद देते है। आपके निरंतर सहयोग के बल पर ही यह गृहपत्रिका एक अलग ऊँचाई पर पहुंच रही है तथा अपने उद्देश में दिन प्रतिदिन सफल हो रही है। भविष्य में नाथवार्ता के रुप में और अधिक निखार लाने के लिये हम प्रतिबध्द है।

इस वर्ष देश के ज्यादा तर भागो में अनियमित वर्षा होने के कारण हम सभी चिंतित है। पर मौजुदा हालात में भी देश के हर कोने से नाथ उत्पादों के अच्छे प्रदर्शन की खबरे हमें प्राप्त हो रही है। यह काफी सुखद है। ऐसी परिस्थितियों का हमारे किसान भाई जिस धैर्य के साथ डटकर मुकाबला कर रहे है, यह हम सब के लिये प्रेरणादायी है।

यह अंक जब आपके हाथों में आयेगा तब आप सभी त्यौहारों की तैयारी में लगे होगें। हमारे त्यौहार भी हमें दुर्जनों पर सज्जनों के विजय का संदेश देते है, जिससे सदाचार में हमारा विश्वास दृढ होता है।

हमारें सभी पाठकों कों विजयादशमी
एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं।

\- नाथवार्ता टीम

## If there is a will, there is a way

If there is a will, there is a way
Goals are just dreams with feet on them.
If you replace the wishbone with the backbone,
You will achieve what you believe.
People may doubt what you say,
But they will always believe what you do.
If you can dream it, you can do it,
But when you listen to the wrong voice
You make the wrong choice.
Remember, if you fail to plan,
Then you plan to fail,
Yet if you are not willing to fail,
Then you will never be responsible for success.
It is not over till I win.

# नाथ मुख्यालय के प्रांगण से...



## Independence Day Celebration

Independence day was celebrated at company head office with great enthusiasm. Managing Director Mr. Satish Kagliwal did the flag hoisting followed by his message. On this occasion Dr. C. S. Pathak, Capt. Khurana, Mr. Shriram Jahagirdar expressed their greetings. Security chief Mr. Prakash Mundhe & his team along with the head office employees saluted the national flag with utmost discipline & pride. Mr. Santosh Joshi & his team toiled hard for the success of the event.

## भक्तिपुर्ण माहौल मे गणेशोत्सव संपन्न





नाथ मुख्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेशोत्सव बडी धुमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गणेश स्थापना के दिन श्री सतिशजी कागलीवाल तथा श्रीमती पूनमजी कागलीवाल के हाथों द्वारा विधिवत गणेश स्थापना की गयी। डेकोरेशन कमेटी के सदस्यों द्वारा की गयी सजावट काफी प्रशंसा जनक रही। गणेशोत्सव के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों ने इसमें जमकर हिस्सा लिया।

गणेशोत्सव की यशस्विता के लिये गणेश मंडल के अध्यक्ष-श्री एम. डी. देशपांडे, उपाध्यक्ष-श्रीराम जहागीरदार, सचिव-श्री गजानंद बिरादार, कोषाध्यक्ष-श्री सुनिल दिक्षीत तथा उनके सहयोगीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा। यहाँ कुछ छायाचित्रों के माध्यम से हम गणेशोत्सव-2012 एक छोटीसी झांकी दे रहे है।





## इफ्तार पार्टी -2012



रमजान महीने के उपलक्ष्य में 11 अगस्त को कंम्पनी मुख्यालय में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाथ ग्रूप के चेयरमैन श्री नंदकिशोरजी कागलीवाल तथा प्रबंध संचालक श्री सतिशजी कागलीवाल उपस्थित थे। इस मौके पर श्री एस. यु. बेग साहब ने अपने अनोखे अंदाज में रमजान का धार्मिक महत्व विशद किया तथा भाईचारे का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी के आयोजन में सर्वश्री शेख मुशीर, शेख मुश्ताक, अलिम, अब्दुल कैसर तथा उनके सहयोगीयों की भुमिका महत्वपुर्ण रही।



श्री एस. यु. बेग साहब पवित्र हज यात्रा के लिये रवाना हुए। इस अवसर पर उन्हे शुभकामनाऐं देने के लिये सर्वश्री संतोष जोशी, एम. डी. देशपांडे, आर. बी. शर्मा सहित बडी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



## बी. रघुनाथ स्मृतिसंध्या उत्साह से संपन्न

विख्यात मराठी कवि बी. रघुनाथजी का इस साल जन्मःशताब्दी वर्ष है। हर साल की तरह नाथ ग्रूप द्वारा उनका स्मृतिदिन 7 सितम्बर को मनाया गया। इस अवसर पर व्यंगात्मक लेखक श्री बब्रुवान रुद्रकंठावारजी को बी. रघुनाथ स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रा. डॉ. सुधीर रसाळ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में थे। नाथ ग्रूप के चेयरमैन श्री नंदकिशोरजी कागलीवाल द्वारा इस आयोजन मे आये सभी आमंत्रितों का स्वागत किया गया।


इस वक्त मंच पर, नाथ बायो-जीन्स के प्रबंध संचालक श्री सतिशजी कागलीवाल, परिवर्तन के डॉ. सुनील देशपांडे, प्रा. अजीत दळवी आदि मान्यवर उपस्थित थे। डॉ. वैशाली गोस्वामी तथा उनके सहयोंगीयों द्वारा पेश किया गया "संत सर्वज्ञ दासोपंत-ललित" कार्यक्रम इस वर्ष की स्मृति-संध्या का मुख्य आकर्षण रहा।



सुश्री श्रध्दा जोशी के स्वागत गीत द्वारा कार्यक्रम का आरंभ हुआ। स्मृति-संध्या में शहर के साहित्य, काव्य, कला, शिक्षा, व्यापार क्षेत्र के कई मान्यवर उपस्थित थे। सुत्रसंचालन का उत्तरदायित्व डॉ. मोहन फुले ने बखुबी निभाया। इस साल के आयोजन में नाथ ग्रूप के साथ परिवर्तन तथा यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठाण भी शामिल थे। कार्यक्रम के यशस्वीता के लिये नाथ ग्रूप के सर्वश्री संतोष जोशी, श्रीराम जहागीरदार तथा उनके अन्य सहयोगीयों का योगदान महत्वपुर्ण रहा।

## राजस्थान मे बिग-बी का हंगामा





राजस्थान के चावडिवाला गांव में श्री. रामकिशोर गुजर के खेत में बाजरा बिग-बी का मेगा फिल्ड-डे संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के लिये आसपास के गांव से बडी संख्या में किसान तथा वितरक-विक्रेता बंधु उपस्थित थे। सभी लोग बाजरा बिग-बी के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट हुऐ। अन्य कम्पनियों के हाईब्रिडों की तुलना में बिग-बी की ऊँचाई तथा एकसमानता देखने लायक थी। सिरे से अन्त तक भरे सिट्टे तथा आखरी तक हरी कडबी इस गुणोंसे किसान काफी प्रभावित दिखे। इस दौरान हमारे बाजरा ब्रीडर श्री डी.पी.यादव ने किसानों से वार्तालाप करते हुऐ बिग-बी की तकनिकी विशेषताओं से अवगत कराया। हमारे संशोधन विभाग में चल रहे बाजरा संशोधन के बारे में महत्वपुर्ण जानकारीयाँ दी। इस आयोजन के लिये श्री मख्खन गुजर तथा श्री एस. पी. सिंह ने पुरजोर मेहनत की।

इस प्रकार के कार्यक्रम राजस्थान के अन्य भागो में भी बडी संख्या में हो रहे है। हर जगह से बिग-बी को काफी सराहना मिल रही है। ''अपने प्रदर्शन से बिग-बी राजस्थान के किसानो की पहली पसंद बना है'' ऐसा हमारे राजस्थान के जोनल मैनेजर श्री अभिरंजन द्विवेदी ने कहा है।

## हरियाणा में युवराज एवं विराट का जादू



हरियाणा में हमारी मार्केटींग टिम द्वारा जगह जगह पर बीटी कपास युवराज एवं विराट के फसल निरिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जींद जिले में मेगा फिल्ड डे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों सें बडी संख्या में किसान तथा वितरक विक्रेता बंधु सम्मिलित हुऐ। युवराज एवं विराट के प्रदर्शन से उपस्थित किसान भाई काफी संतुष्ट हुऐ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था। जिसका सभी उपस्थितों ने आनंद उठाया। हमारे जोनल मैनेजर श्री अभिरंजन द्विवेदी तथा कपास ब्रीडर डॉ. एस. यु. परदेशी नें बीटी कपास प्रजाति युवराज तथा विराट के विशेषताओं से उपस्थितों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में हमारे पंजाब के रिजनल मैनेजर श्री संजीव वर्मा, हरप्रीत सिंह तथा बालकरण सिंह भी उपस्थित थे।

हमारे हरियाणा विभाग के श्री कर्नेल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के यशस्विता के लिये सर्वश्री सतीश कुमार, अनिल कुमार, अजय और मनजीत आदि ने प्रयास किये।

## देशभर में नाथ उत्पादों का अच्छा प्रदर्शन



अनियमित वर्षा के बावजुद भी सभी जगह से नाथ उत्पादों कें अच्छे प्रदर्शन की खबरे मिल रही है। हमारे मध्यप्रदेश के जोनल मैनेजर श्री एन.एम.मानकर कहते हैं की 'पुरे प्रदेश में लगभग 75 फसल निरिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुये। मध्यप्रदेश के किसान बाजरा बिग-बी एवं टमाटर एनटीएच-671 के परिणामो से काफी संतुष्ट है। श्री अनिल शर्मा और उनके सहयोगीयों ने मध्यप्रदेश में फसल प्रदर्शन कार्यक्रमो की श्रृंखला यशस्वी करने के लिये मेहनत ली।'



उधर गुजरात में नाथ के सब्जी उत्पादों ने धुम मचा दी है। हमारे गुजरात के जोनल मैनेजर श्री एम.एन. पिपलीया के अनुसार गुजरात के किसान टमाटर संकर प्रजाति माधवी (एनटीएच-1144) और मिर्च संकर प्रजाति प्रिया (एनसीएच-886) के प्रदर्शन से बेहद खुश है। भविष्य में गुजरात में नाथ के सब्जी उत्पादों की मांग बडे पैमाने पर बढेगी।

बिहार में श्री राजेश रंजन के मार्गदर्शन में फसल निरिक्षण कार्यक्रम जारी है। श्री एन. के. पुरी और उनके सहयोगीं भी प.बंगाल में इसी मुहिम में जुटे हुये है।

## महाराष्ट्र के किसानो ने की भिंडी तृप्ती एवं तनु की प्रशंसा

दिनांक 3 अक्टुबर को सरलगांव शहापुर जि. ठाणे सें बडी संख्या में किसान, हुंडेकरी एवं वितरक-विक्रेताओ ने हमारे गेवराई रिसर्च फार्म का दौरा किया। खास कर भिंडी संकर प्रजाति तृप्ती, तनु एवं टमाटर संकर प्रजाति एनटीएच-1222 , बैगन संकर प्रजाति -385, इत्यादि फसलों के प्लॉटस् देखकर किसान बेहद खुश हुये। इस वक्त डॉ.सी.एस.पाठक, श्री सुरेश जाधव, श्री मंजुनाथ ने कम्पनी के सब्जी उत्पादों एवं संशोधन कार्यो से उपस्थितों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम के यशस्वी आयोजन के लिये श्री जगताप, श्री बऱ्हाटे आदि ने प्रयास किये। सम्पूर्ण महाराष्ट्र में हमारे जोनल मैनेजर श्री वसंत वायाल के मार्गदर्शन में फसल निरीक्षण कार्यक्रम जोरशोर से शुरु है।





फुलंब्री, महाराष्ट्र में बीटी कपास जगन्नाथ-2 के प्लॉट का निरिक्षण करते हुए प्रबंध संचालक श्री. सतिशजी कागलीवाल, साथ में डॉ. एस. के. रैना, डॉ.पी.एस. कदम, श्री वसंत वायाल, श्री राम जांगीड एवं किसान-दीपक चव्हाण । बडी संख्या में लगे डेंडु के कारण यह प्लॉट आसपास के किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है ।

# फॅमिली पेज...

11 अक्टूबर को उदयपूर में संपन्न हुये गुजरात के विक्रेता सम्मेलन की एक छोंटी सी झांकी छायाचित्रों के माध्यम से दे रहे है। इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्री सतिशजी कागलीवाल, गुजरात के जोनल मैनेजर श्री एम.एन. पिपलीया, भिंडी ब्रीडर श्री सुरेश जाधव श्री अभिरंजन द्विवेदी आदी उपस्थित थे।



# Happy Birthday !

## October

Wahul B.H., Koppula Venkata Ramana, Ray Ramnaresh, Pandey A. K., Roy M. K., Radikar S. D., Singh D. K., Udar B.S., Kashidkar O. B., Ansari M. S., Dixit S. K., Katariya S. S., Salunke M. D., Vikram Mittal, Md.Mazhar Khaja, Upadhyay D. K., Bari S. K., Hude V. M., Amipara C. V., Manne M. Y., Kanoode A. B., Hiwale S. M., Vikasa K. V., Bawankar V. K., Mhaske V. S., Joshi K. K.

## November

P. Ramakrishnan, Patil D. V., Patil P. V., Manjappa S. G., A.V. Mahesh, Prajapati R. V., Tripathi S. K., Joshi L. K., Rana Prashant, Kulkarni N. L., Kulkarni S. A., Shukla S. D., Zadgaonkar P. R., Bathe S.P., Verma B. P.

## December

Kale M. A., Sinha S. K., Mahapure R. R., Wayal V. D., Suryawanshi H. N., Barhate Y. K., Jangeed R. S., Joshi S. L., Patel V. C., Kusheswar N., Dwivedi Abhiranjan, Singh M. K., Srivastava S. K., Shingh S. K., Vikas Kumar, Aher D. K., Tour B. G., Pawar V. D., Kanule G. K., Wahul M. B., Chaunde B. G., Khedkar R. T.



# A huge success of Win-Chi-Win campaigns

We are glad to receive huge response to the Win-chi-win campaigns in Warangal Dist. of AP. According to our Zonal Manager Mr. Ravikumar, positive feedbacks are coming from the farmers. In this campaign they displayed the live plant of Bt cotton variety Arjun-21 which is receiving high appreciation of the farmers.

The same campaign also started in different parts of the country. In U.P., under the guidance of Mr. B. N. Mishra campaign is becoming successful. The farmers are highly impressed with the results of Win-Chi-Win on different crops. Local dealers & distributors also contributed to the success of the campaign.

# Aappulki Corner

## The festive season is here again!



Maa Durga, in the form of Kali (the consort of Destroyer) Laxmi(the consort of preserver) and Saraswati (the consort of creator), in these 9 days of navratri, guides us and shows the true path, giving strength, abundance and knowledge...
for a successful Life n Living!!

Raja Ram, killing evil and presiding over all with his path of true kingsmenship and humanity, taught us the path to Maryada Purushottam Ram.

Imbibing the true spirit of this festive season, we at Aappulki, are looking forward to a rally of great events. Monsoons made us sing and compete to old and new melodies at Antakshari. Oh! What a joy see those little ones compete along!

It will be lovely winters this time. I can already picture us at the picnics, zoos and treks.. The charged up atmosphere beckons me to get back to my table and put creativity to work.

Promising a lovely season at Aappulki.

Happy Navratris and Shubh Dipawali!

-Sweta Kagliwal, President-Aappulki

## We Welcome Following Members In The Nath Family

T. Krishna Reddy, S. Hari Prasada Rao, Kamde R. S., Agrawal S. V., Verma Sanjeev, Ahire V. B., Pawar B. V., Suryawanshi H. N., Gujju Ganasivaji, Singh Balkaran, Barhate Y. K., Kele S. L., Kapil Kumar

**Strength is Life, Weakness is Death**

- Swami Vivekananda

## अनुरोध

आप को यह अंक कैसा लगा वह आप पत्रद्वारा अवश्य बतायें। आप के पत्र अगले अंक मे अवश्य सम्मिलित किये जायेंगे। पता बाजु मे दिया है। अवश्य लिखिये !


'नाथवार्ता'
नाथ बायो-जीन्स (इं) लि. की त्रैमासिक गृहपत्रिका
निःशुल्क निजी वितरण के लिए
हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित

नाथवार्ता टीम
प्रबंध संचालक
श्री. सतीश कागलीवाल
प्रकाशक
श्री. संतोष जोशी
संपादकीय समन्वय एवं डिजाईन
श्री. शिवशंकर फालके



पत्राचार एवं संपर्क के लिए पता -
'नाथवार्ता' द्वारा नाथ बायो-जीन्स (इं) लि.
नाथ रोड, नाथ हाऊस, औरंगाबाद-431 001.
फोनः 0240-2376314 से 17
फॅक्सः 0240-2376188
ईमेलः falke@nathseeds.com